हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री


2 मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शादीशुदा जोड़ों की करा दी गई शादी





## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर शाखा की साधारण सभा की बैठक 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे अमृत सदन जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में आयोजित की गई है। बैठक में 2025-2028 के लिए जिला प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में केवल आजीवन सदस्य, संरक्षक एवं उप संरक्षक ही मतदान कर सकेंगे। प्रबंध समिति के गठन के बाद नव-निर्वाचित समिति द्वारा चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, कोषाध्यक्ष एवं राज्य प्रबंध समिति के प्रतिनिधि का चयन किया जाएगा। सदस्यता शुल्क संरक्षक के लिए 25,000 रूपए उप-संरक्षक के लिए 12,000 रूपए और आजीवन सदस्य के लिए 1,000 रूपए तय किया गया है।

### सार्वजनिक प्याऊ शुरु गर्मी में मिलेगी राहत



**बैकुण्ठपुर।** भीषण गर्मी के मद्देनजर नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इसका शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि इससे आमजन और राहगीरों को ठंडा व स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा, इससे उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे, उपाध्यक्ष आशीष यादव, पार्षद अनिल खटिक, श्रीमती ममता गोयन, शिल्पा गुप्ता, बाबी, राहुल गुप्ता, गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे, नगर पालिका के इंजीनियर अनामिका सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इन प्याऊ का उचित उपयोग करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें।

### राशनकार्ड संशोधन की मिली सुविधा

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार खाद्य अधिकारी ने राशनकार्ड संबंधी विभिन्न संशोधनों के लिए ऑनलाइन और स्थानीय स्तर पर ही समाधान का विकल्प उपलब्ध करा दिया है, इससे अब लोगों को जिला कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब जिले की समस्त नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायतों में ही राशनकार्ड से जुड़े सभी आवश्यक संशोधन किए जा सकेंगे, इसके तहत नया राशनकार्ड बनवाने, परिवार के नए सदस्य का नाम जोड़ने, मृत या बाहर गए सदस्यों का नाम हटाने, सदस्य के नाम में सुधार, मुखिया संशोधन, राशनकार्ड की पीडीएफ जारी करने, पंजीकृत श्रमिकों के राशनकार्ड नंबर दर्ज करने और पहले से वितरित राशनकार्ड की एंट्री करने जैसी सुविधाएं दी गई हैं। अब नागरिकों को इन कार्यों के लिए जिला कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी। संबंधित आवेदन अब स्थानीय कार्यालयों में ही निपटाए जाएंगे, जिससे लोगों का समय बचेगा और उन्हें अनावश्यक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने नगरपालिका, जनपद पंचायत या अन्य संबंधित कार्यालय में संपर्क कर अपने राशनकार्ड से जुड़ी समस्याओं का निवारण करने के लिए कहा गया है।

## बैकुंठपुर-कटोरा स्टेशन के बीच जमगहना के समीप हुई घटना

# फिल्मी स्टाइल में चलती ट्रेन को रोककर कोयले की चोरी






फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अंधेरी रात, जंगलों के बीच से गुजरती कोयले से लदी मालगाड़ी, और फिर अचानक ब्रेक लगने की आवाज से इंजन की रफ्तार थम गई।

ड्राइवर के वॉकी-टॉकी पर ट्रेन रोके जाने की सूचना से रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना बैकुंठपुर-कटोरा स्टेशन के बीच जमगहना के समीप बीती रात करीब 2 बजे हुई। करीब 20 की संख्या में अज्ञात चोरों ने कपड़े से ढक कर होम सिग्नल फेल करते हुए ट्रेन को रोकने की साजिश रची थी। जैसे ही ट्रेन धीमी हुई, चोरों ने मालगाड़ी के डिब्बों पर चढ़कर कोयले की बोरियां नीचे गिरानी शुरू कर दी। अंधेरे में कुछ हलचल महसूस होते ही ट्रेन ड्राइवर ने सतर्कता दिखाई और वॉकी-टॉकी पर रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना दी।

■ **आरपीएफ ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया**

रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम तुरंत हरकत में आई, लेकिन तब तक चोर कोयले की बोरियों को उठा ले गए थे। इस इलाके में पहले भी चलती ट्रेनों से कोयला चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। अक्सर संगठित गिरोह इस काम को अंजाम देते हैं, जो जंगलों और दुर्गम रास्तों का फायदा उठाकर कोयला गायब कर देते हैं। कोरिया जिले में कोयला चोरो का एक गिरोह सक्रिय है, जिनके द्वारा आए दिन कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है, इसके अलावा कोयला लोडिंग प्वाइंट के पास भी कोयले की चोरी धड़ल्ले के साथ किया गया है। यहां तक की कोयले से भरे रेल के डिब्बे से भी कोयले की चोरी की घटना आए दिन होती रहती है,लेकिन इस बार कोयला चोरो ⏭ शेष पेज 4 पर

### 20 की संख्या में थे आरोपी

मिली जानकारी के अनुसार जमगहना में सिंग्नल ढक कर कोयले से भरी रेल मालगाड़ी के धीमा होने के साथ ही करीब 20 की संख्या में लोग मालगाड़ी के डिब्बे में चढ़ना शुरू कर दिए और कुछ ही देर में बड़ी मात्रा में अज्ञात कोयला चोरों के द्वारा कोयले को बोरियों में भरकर चोरी कर ले जाने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई। कुल मिलाकर फल्मी स्टाइल में अंजाम दी गई इस चोरी ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि इस गिरोह का पदार्फाश कब तक होता है।



धरना को समर्थन देने पहुंचे सरपंच।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल को सरपंच संघ ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लॉक में पंचायत सचिवों द्वारा शासकीयकरण करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर किए जा रहे धरना प्रदर्शन को भरतपुर जनपद पंचायत के समस्त सरपंचों ने समर्थन दिया है।

सरपंच संघ ने पंचायत सचिवों की मांग को जायज मानते हुए कहा कि सचिव संघ के हड़ताल को हम सरपंच गण समर्थन करते हैं। सचिवों के साथ सरपंच संघ कदम से कदम मिलाते हुए मांग पूरा होने तक हड़ताल में शामिल होंगे। गुरूवार को भरतपुर जनपद क्षेत्र के सरपंचों ने धरना स्थल पर पहुंचकर पंचायत सचिवों की मांग को पूरी करने की बात कही। विदित हो कि 17 मार्च से ब्लाक मुख्यालय जनकपुर के जयस्तम्भ चौक के नजदीक जनपद पंचायत भरतपुर क्षेत्र में कार्यरत समस्त सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन ⏭ शेष पेज 4 पर

# स्कूल के सौ मीटर दायरे में तंबाकू उत्पाद बिक्री की जांच

**सोनहत।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 100 गज दायरे में संचालित पान ठेला, गुमटियां और किराना स्टोर्स की जांच की।

इस कार्रवाई में प्रमुख कारण यही था कि क्षेत्र में नशे के दुरूपयोग और तंबाकू उत्पादों की बिक्री को नियंत्रित करना था। इसके अलावा एकलव्य आदर्श आवासीय छात्रावास सोनहत का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक परिसर को धूम्रपान मुक्त बनाने के लिए बोर्ड लगाने और स्टाफ एवं छात्रों को नशे के दुरुपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के औषधि निरीक्षक आलोक मिंज और विकास लकड़ा उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों और युवाओं में नशे के उपयोग को रोकने के लिए इस तरह के अभियान महत्वपूर्ण है।



जांच करती टीम।

### मानीटरिंग समिति की बैठक 9 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 9 अप्रैल को सायं 3 बजें आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अजा एवं अजजा नियम 1995 के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों और कार्यकारी एजेंसियों द्वारा अब तक की गई कार्रवाई का मूल्यांकन किया जाएगा, इसमें अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के क्रियान्वयन, पीड़ित व्यक्तियों को दी गई राहत, यात्रा भत्ता, मजदूरी की क्षतिपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, आहार व्यय, पुनर्वास सुविधा और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति और जनजाति के लंबित जाति प्रमाण पत्रों की समीक्षा भी की जाएगी।

# श्रमवीर स्टेडियम में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**चरचा कॉलरी।** श्रमवीर स्टेडियम में 12 वें स्वर्गीय अमर साय स्मृति अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ।

टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य मंचासीन रहे। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। शुभारंभ के पश्चात तीन शानदार मुकाबले खेले गए। चैतन्य हॉस्टल, देहरादून बनाम महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स अकैडमी, राजस्थान के मध्य खेला गया। इसमें 21-25, 25-20, 16-14 राजस्थान की टीम विजेता हुई। मस्ताना साहब हॉस्टल, संगरूर (पंजाब) बनाम अयोध्या कैंट के बीच मैच खेला गया। इसमें पंजाब की टीम 25-23, 25-20 विजयी हुई। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली बनाम राजस्थान के बीच मैच हुई। इसमें राजस्थान 25-20, 25-21 से विजयी हुई। प्रतियोगिता के निर्णायक ⏭ शेष पेज 4 पर



अभा वॉलीबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथि।

# चौथी की छात्रा माधुरी ने कलेक्टर से अंग्रेजी में किया संवाद

**सोनहत।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, यह कहावत ग्राम तर्रा के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी माधुरी ने चरितार्थ कर दिखाई।

सोनहत विकासखंड के ग्राम तर्रा के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी माधुरी ने अपनी बेमिसाल अंग्रेजी की क्षमता से सभी को चौका दिया। बुधवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अचानक ग्राम तर्रा का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का भी जायजा लिया। इस दौरान जब कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बच्चों से पहाड़ा और अंग्रेजी में विभिन्न शब्दों की स्पेलिंग पूछी, तो कक्षा चौथी की छात्रा माधुरी ने बिना किसी झिझक के अंग्रेजी में कलेक्टर से संवाद किया। कलेक्टर और माधुरी ने अंग्रेजी में सवाल-जवाब किया और उनकी इस बेमिसाल क्षमता को देख उन्हें शाबाशी दी। कलेक्टर ने कहा, वाह.. वेलडन बेटा! और माधुरी को राज्यस्तरीय स्पेलिंग टेस्ट ⏭ शेष पेज 4 पर



# कालीमंदिर में महाअष्टमी पूजन का होगा आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** मां भद्र काली मंदिर एसईसीएल चौक बैकुंठपुर में 5 अप्रैल की रात्रि 7 बजे से भव्य महाअष्टमी पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर अंग पूजन, श्रृंगार, भोग-प्रसाद अर्पित किया जाएगा। पूजन के उपरांत हवन पूर्ण आहुति और महाआरती संपन्न होगी। उक्त जानकारी मंदिर के पुरोहित बाल गोपाल गर्ग ने दी है।



### लंबित कार्यों को करें पूर्णः कलेक्टर

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों, विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, पिछले शिविर के लंबित मुद्दों, डीएमएफ कार्यों की प्रगति, जन शिकायतों, जन चौपाल और पीएम पोर्टल की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएमऔर मंत्रियों के प्रस्तावित दौरे से पहले सभी लंबित कार्यों को पूर्ण किया जाए।

## सोमवार को निकलेगी ज्वारे की भव्य शोभायात्रा

# रमदइया धाम में गूंज रही भक्ति की स्वर लहरियां

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के प्रसिद्ध रमदइया धाम में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बने इस धाम में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। धाम में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

■ **मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित**

वहीं सोमवार को ज्वारे की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्रभर के श्रद्धालु शामिल होंगे। बैकुंठपुर से लगभग 5 किमी की दूरी पर स्थित रमदइया धाम में भक्ति के साथ-साथ विकास कार्य भी जारी हैं। धाम को और अधिक आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाने के लिए निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण, यात्री निवास और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। धाम प्रमुख सुनील सिंह बताते हैं कि धाम में दर्शन करने के लिए काफी संख्या में भक्तजन पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु मां की अराधना में लीन होकर भजन-कीर्तन कर रहे हैं। भक्तों का मानना है कि यहां प्रज्जवलित ज्योति कलश से सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। सोमवार को धूमधाम से ज्वारे की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें काफी संख्या में भक्तजन शामिल होंगे।

शोभायात्रा में भक्ति संगीत, झांकी और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ श्रद्धालु मां की महिमा का गुणगान करेंगे। आयोजकों ने भक्तों से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को भव्य बनाएं।






प्रज्जवलित ज्योति कलश।




## खबर संक्षेप



### सेमरसोत जंगल में पलटा बॉक्साइट और मछली चारा लोड ट्रक

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेमरसोत जंगल में तेज रफ्तार रफ़्तार के कारण वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बॉक्साइट लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जबकि मंगलवार को भी मछली चारा लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे पलट गया। गनीमत रही कि इन हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ। दुर्घटना में घायल हुए चालक परिचालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि गढवा मेराल निवासी कंचन तिवारी ट्रक क्रमांक सीजी 30 ए 0115 में बॉक्साइट लोड कर गढवा जा रहा था। इस दौरान जैसे ही चालक ट्रक लेकर सेमरसोत जंगल में पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के चक्कर में चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में चालक कंचन तिवारी और परिचालक को सामान्य चोट आई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाकर आवागमन बहाल किया गया। इसके साथ ही मंगलवार को मछली का चारा लेकर जा रहा ट्रक भी सेमरसोत पुलिया के नीचे पलट गया। इस घटना में चालक को गंभीर चोट आई है। इस घटना का प्रमुख कारण एनएच की खराब सड़क है। सडक पर बने गड्ढों के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो रहे है।

### बीच सड़क पर मवेशियों का कब्जा लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार



**बलरामपुर।** सड़क पर आवारा मवेशियों के कारण लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। मवेशी मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को सड़क पर ही छोड़ दिया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि कोर्ट के निर्देश के बाद भी मवेशी मालिकों द्वारा नियम का उल्लंघन किया जा रहा है और अधिकारियों द्वारा भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि नगर में जगह जगह आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। मवेशी मालिकों द्वारा मवेशियों को घूमने के लिए छोड़ देते है जिससे एनएच सहित अन्य सड़कों पर जगह जगह मवेशियों का कब्ज़ा है और रात के समय अंधेरे में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। मंगलवार की शाम भी सड़क पर मवेशियों के कारण एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि इसके पहले भी इस तरह के दर्जनों मामले हो चुके है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना में मवेशियों की मौत भी हो चुकी है। हैरानी की बात तो यह है कि हाईकोर्ट के सख्त निर्देश के बाद भी नगर पालिका द्वारा आवारा मवेशियों हटाने के लिए ना ही कोई पहल की गई और ना ही मवेशी मालिकों पर किसी प्रकार की कार्रवाई की जा रही है।

### मंत्री राजवाड़े ने कुदरगढ़ में श्रद्धालुओं लिए बनवाया स्टाल

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की कैबिनेट मंत्री द्वारा कुदरगढ़ महोत्सव में श्रद्धालुओ के लिए एक स्टाल बनावाया गया है जिसमे श्रद्धालुओं के लिए पेय जल, शरबत, गुड़ और चने की व्यवस्था की गई है। स्टाल में श्रद्धालुओ के विराम के लिए व्यवस्था की गई है और खास बात यह है कि यह आयोजन कोई शासकीय न होकर भटगांव विधयाक लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा स्वयं के सेवा समर्पण के भाव से किया गया है।

## सरगुजा जिले में सामने आया मामला, अब रोकी गई राशि

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शादीशुदा जोड़ों की करा दी गई शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में बड़े शादी शुदा और बाल बच्चेदार लोगों की शादी कराए जाने का मामला सरगुजा में सामने आया है। तीन महीने पहले हुए सामूहिक विवाह में शादी शुदा लोगों का विवाह करा दिया गया। सरगुजा में फिलहाल ऐसे तीन मामले सामने आए है। बड़ी बात यह है कि तीनों शादी शुदा ग्रामीण एक ही गांव के रहने वाले है। इस गड़बड़ी के सामने आने के बाद विभाग द्वारा कन्या विवाह योजना के तहत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को रोक दिया गया है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या जिले में सिर्फ यही तीन मामले फर्जी है। लोगों का कहना है कि यदि गंभीरता से मामले की जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ सकती है।

**खास बात**
- 362 जोड़ों का हुआ था विवाह

बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु मुख्यमंत्री कन्या विवाह की योजना चलाई जाती है। इस योजना के तहत सामूहिक विवाह में शादी करने वाले जोड़ो को प्रोताशन राशि के साथ ही गृहस्ती से जुड़े सामान, कपड़े प्रदान किए जाते है लेकिन हितग्राहियों के लिए बनाई गई योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। इस बात का खुलासा सरगुजा जिले में तब हुआ जब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल होने वाले तीन जोड़ों के प्रोत्साहन राशि के चेक को रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि लगभग तीन माह पूर्व शहर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़ों का विवाह कराया गया था। विवाह के दौरान हितग्राहियों को गृहस्ती के सामान व चेक भी प्रदान किए गए अब इस मामले में यह बात सामने आई है कि कन्या विवाह के दौरान तीन ऐसे जोड़ों का विवाह करा दिया गया जो पहले से शादी शुदा है और उनके बच्चे भी है।

इस बात का खुलासा शहर से लगे ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीख़ास में हुआ है। इस गांव के तीन दम्पति की मुख्य मंत्री कन्या दान विवाह योजना में शादी करा दी गई। शादी शुदा लोगों में संध्यावती पति अम्बिकेश्वर, करीना पति अर्जुन और पायल और उसका पति शामिल है। इतना ही नहीं संध्यावती और करीना के तो बच्चे भी है लेकिन इसके बाद भी इनके आवेदन को स्वीकार किया गया और शादी करा दी गई जिसके बाद मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की बात सामने आ रही है।




### चेक रोका तो खुद सामने आया परिवार

मुख्यमंत्री कन्या दान विवाह में किस कदर गड़बड़ी की जा रही है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस योजना का लाभ पाने वालों में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बेटे बहु भी शामिल है। संध्यावती और अम्बिकेश्वर ने बताया कि उनका विवाह कोरोना काल में हुआ था और उनका एक बच्चा भी है। कोरोना के कारण सही तरीके से शादी नहीं होने के कारण उन्होंने खुद ही मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह का फार्म भरा था। फार्म भरने के दौरान गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को इस बात की जानकारी दी गई थी वे शादी शुदा है और उस दौरान उसने ही उन्हें फार्म भरने को कहा और बताया कि कोई परेशानी नहीं होगी। शादी के दौरान उन्हें मंगलसूत्र, कपड़े, जूते, सिंगारदानी मिला लेकिन 35 हजार रूपए का चेक नहीं दिया गया। अब जब वे उनसे चेक भुगतान की मांग की जा रही है तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कहना है कि वे शादी शुदा है इस लिए चेक नहीं दिया जाएगा। इसी तरह दो अन्य दम्पति का भी चेक रोक दिया गया है जिसके बाद हितग्राही खुद ही सामने आ गए।

### मामला सामने आया तो रोका गया भुगतान

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शादी शुदा लोगों के विवाह का मामला सामने आने के बाद विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। बड़ी बात यह है कि अब मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर एक दूसरे पर इस गलती का दोष मढ़ रहे है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या जिले में सिर्फ यही तीन मामले है या फिर अन्य लोगों की भी दुबारा शादी कराई गई है। मामला सामने आने के बाद अब महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा हितग्राहियों का भुगतान रोक दिया गया है लेकिन इस मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या नहीं यह देखना है।

### चल रही है जांच

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 362 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था। इसमें बाद में कुछ शिकायत आई जिसमें जांच चल रही है। लाभार्थी की राशि को रोका गया है। तीन लोगों की राशि रोकने के निर्देश है। विस्तृत प्रतिवेदन आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-अतुल परिहार
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग



ग्रामीणों से चर्चा करते सांसद चिंतामणी महाराज।

## कोल ब्लॉक हेतु भूमि अधिग्रहण का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्र के ग्राम पंचायत दतिमा में आबंटित दतिमा कोल ब्लॉक हेतु प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु ग्रामीणों को नोटिस जारी किए जाने से हड़कंप मच गया है। प्रभावित लोगों द्वारा सरगुजा सांसद से मुलाकात कर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दतिमा सहित राई, कुमदा बस्ती, गांगीकोट को मिलाकर करीब तीन वर्ष पूर्व केंद्र सरकार द्वारा दतिमा कोल ब्लॉक का आबंटन कर दिया गया है। इस कोल आबंटन की जिम्मेदारी श्री सीमेंट कंपनी को दी गई है। कोल आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने उपरांत अब भूमि अधिग्रहण की पहल की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर कंपनी द्वारा जबरन लोगों की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में पिछले दिनों कंपनी द्वारा एसडीएम के माध्यम से प्रभावित भू स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस मिलने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है। जिस पर ग्रामीणों ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन मंगलवार को सांसद से मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद मंगलवार की शाम ही सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने खुद प्रभावित ग्राम दतिमा पहुंच लोगों की समस्या से रूबरू हुए। यहां पर प्रभावित ग्राम दतिमा समेत कुमदा बस्ती, खरसुरा, लक्ष्मणपुर, गांगीकोट, राई के ग्रामीणजन दतिमा पंचायत भवन में एकत्र होकर सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज को अपनी समस्या से अवगत कराए। लोगों की समस्या से रूबरू होने उपरांत सांसद ने आश्वस्त किया कि जल्द ही मामले में उच्चाधिकारियों से चर्चा करके समस्या का निराकरण कराने पहल की जाएगी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल, रामनारायण जायसवाल, रामानंद जायसवाल, पूर्व नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव, सतीश तिवारी, आनंद पाल जायसवाल, शोभनाथ राजवाड़े, शिवकुमार राजवाड़े, भूषण सारथी, सुखदेव चौधरी व अन्य उपस्थित थे।ग्रामीणों का आरोप है कि कोल ब्लॉक कंपनी के लोगों ने ग्राम पंचायत कुमदा बस्ती में भूमि अधिग्रहण करने की बजाए धोखे से लोगों की भूमि का करीब 22 लाख रुपए में रजिस्ट्री करा लिया है। ग्रामीणों द्वारा मामले की जांच की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरह अन्य प्रभावित पंचायत के लोगों को भी कंपनी द्वारा डरा धमकाकर भूमि को लेने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने बताया कि दतिमा कोल ब्लॉक के प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को खुद गांव में जाकर सुनवाई कर लिया हूं। अचानक दिल्ली आने की वजह से अधिकारियों से चर्चा नहीं हो सकी है। दिल्ली से वापस लौटते ही जल्द लोगों की समस्या के निराकरण कराने प्रयास करूंगा।

## शराब बिक्री कर रहे तीन लोग चढ़े आबकारी उड़नदस्ता टीम के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के अलग-अलग स्थानों पर सरगुजा संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने दबिश देकर एक साथ शराब बिक्री कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से शराब सहित महुआ लहान जब्त किया है।

जिले के विभिन्न क्षेत्र में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में टीम द्वारा गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर एवं सोहगा से तीन आरोपियों को महुआ शराब बेचने के जुर्म में गिरफ्तार किया। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी लाली के कब्जे से 11.5 लीटर महुआ शराब एवं 120 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर की ही नम्रता के पास से 6 लीटर महुआ शराब तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। ट्रांसपोर्ट नगर की कार्रवाई के पश्चात उड़नदस्ता की टीम ने सोहगा निवासी चक्रधारी निकुंज के के पास से 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया। टीम ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) च 34(2) एवं 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता एवं आबकारी उप निरीक्षक टी आर केहरी द्वारा की गई।




जब्त शराब के साथ आरोपी।

## गोदाम निर्माण में गड़बड़ी पर पीएमओ से मिले जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग द्वारा कराए गए तेंदू पत्ता गोदाम निर्माण में 20 करोड़ रूपए से अधिक के गड़बड़ी की शिकायत पर पीएमओ कार्यालय से जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

अधिवक्ता व आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी ने प्रधान मंत्री कार्यालय और संभागायुक्त से शिकायत की थी। शिकायत के बाद पीएमओ और संभागायुक्त कार्यालय से जांच के आदेश जारी कर दिए गए है। इसके साथ ही अधिवक्ता डॉ. सोनी ने कोतवाली थाने में भी संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज करने के लिए 25 सौ पन्ने के दस्तावेजों के साथ शिकायत की है। इस दौरान आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. सोनी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2021 में सरगुजा जिले में 8 तेंदूपत्ता गोदाम निर्माण हेतु करोड़ो रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त राशि से फॉरेस्ट कैंपस काष्ठागर एवं ग्राम सांडबार के पास स्थित भूमि में गोदाम बनाया जाना था। गोदाम का साइज 22 मीटर बाई 25 मीटर व भंडारण क्षमता 1,53,600 बोरा निर्धारित किया गया और इसमें अन्य नियम शर्तों का उल्लेख करने के साथ ही प्रत्येक गोदाम निर्माण की राशि 1 करोड़ 46 लाख 65 हजार 821 रूपए निर्धारित की गई थी। इसमें 20 करोड़ की राशि की गड़बड़ी की शिकायत पीएमओ में की गई थी। शिकायत के बाद पीएमओ और संभागायुक्त कार्यालय से जांच के आदेश जारी कर दिए गए है। इसके साथ ही आर्किटेक्ट का चयन करते हुए स्टीमेट तैयार कर ड्राइंग डिजाइन बनाई और और गोदाम निर्माण में फेबरिंग स्टील डिजाइन की प्रूफ डिजाइन किसी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से करने की शर्तों को शामिल किया गया, निर्माण पर्यवेक्षण हेतु थर्ड पार्टी कंसल्टेंट के चयन का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन इनमें से किसी भी शर्तों का पालन नहीं किया गया।





## रात्रि गश्त में पुलिस ने 84 संदिग्धों की जांच, 20 को लिया हिरासत में

**सूरजपुर।** शहर में पुलिस की प्रभावी रात्रि गश्त का असर नजर आने लगा है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 84 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच किया। 20 लोगों को संदेह के आधार पर पकड़कर थाना लाई और 14 को कड़ी पूछताछ कर छोड़ा, 3 चोरों से चोरी के मोटर सायकल बरामद की गई, 3 लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा 22 निगरानी, गुण्डा व माफी बदमाशों की चेकिंग कर उन्हें सख्त लहजे में अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई।

अपराधों की रोकथाम, आमजनों की सुरक्षा, शांती एवं कानून व्यवस्था को पुख्ता रखने, अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हेतु रात्रि गश्त का प्रभावी तौर पर करने के सख्त निर्देश एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को दिए है। सोमवार की रात्रि सीएसपी एसएस पैंकरा के नेतृत्व में थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने थाना विश्रामपुर, चौकी बसदेई व पुलिस लाईन के 60 से अधिक अधिकारी व जवानों के साथ रात्रि गश्त किया। गश्त के दौरान नगर के मानपुर, महगवां, साहू गली, नावापारा, तिलसिवां, भट्ठापारा, तुरियापारा, जेलपारा सहित कई स्थानों पर दबिश देकर 84 संदिग्धों को चेक किया गया, 20 लोगों को पकड़कर थाना लाया गया, सख्ती से पूछताछ के बाद 14 लोगों को कड़ी चेतावनी के बाद छोड़ा गया, पुष्टिकृत जानकारी न देने पर 3 लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया, 3 चोरों से चोरी की बाइक बरामद किया गया साथ ही रात्रि में 36 घुमते हुए पाए गए लोगों की भी सघन पूछताछ कर जांच की गई। रात्रि गश्त में 22 निगरानी, माफी व गुण्डा बदमाश को चेक करने पर यह सभी अपने घर पर मिले जिन्हें अपराध से दूर रहने की कड़ी हिदायत दी गई। रात्रि गश्त के दौरान स्टेडियम ग्राउंड, विद्यालय परिसर, जिला चिकित्सालय और बस स्टैण्ड, बैंक एवं एटीएम की आकस्मिक जांच की गई। शहर के चौक-चौराहों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। रात्रि गश्त के दौरान सूचना पर चोरी की बाइक के साथ आरोपी तीरथ मानिकपुरी उर्फ पिन्टू आ. राजेंद्र मानिकपुरी, प्रद्युमन बघेल आ. कृष्ण बघेल व शेखर साहू आ. मुकेश साहू को पकड़ा गया जिसके कब्जे से प्रार्थी आनंद साहू की चोरी की गई बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएल 5333 को बरामद किया।

## सहयोग से गरीब परिवार को मिला उनके सपनों का घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

विधायक रामकुमार टोप्पो एवं सहयोग फाउंडेशन के प्रयास से एक बिना छत के जर्जर घर में रहने वाले गरीब परिवार आज उनके सपनो का घर मिला। एक साल के भीतर ही पक्का मकान बनाया गया। आज गृह प्रवेश कार्यक्रम में सीतापुर विधायक सहित अन्य शामिल होकर पूजा अर्चना की।

मैनपाट के पहाड़ी क्षेत्र जहां ठंड के मौसम में अधिक ठंड पड़ने तथा बरसात में अच्छी बारिश होने के बावजूद राजेश माझी, गौरी माझी बिना छत के एक जर्जर घर में 14 साल से निवासरत है। एक साल पूर्व विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के विधायक उम्मीदवार के दौरान रामकुमार टोप्पो वहां चुनाव प्रचार करने पहुंचे तो परिवार की हालत को देख कहा था कि चुनाव का परिणाम जो भी हम जीते या हारे,पर आप के लिए एक मकान किसी भी तरह बनवा कर देंगे। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने तत्काल सीतापुर क्षेत्र के समाज सेवी संस्था को और भाजपा के सदस्यों को मकान की जिम्मेदारी सौंपी। एक साल के भीतर ही गरीब परिवार को एक सुंदर मकान मिला। आज गृह प्रवेश कार्यक्रम में विधायक राम कुमार टोप्पो के अलावा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत फाउंडेशन के सदस्य मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि गरीब परिवार को भाजपा एवं सहयोग फाउंडेशन के सुनील अग्रवाल सहित लोगों के सहयोग से उनके सपनों का घर मिला है।



गृह प्रवेश में शामिल विधायक।

## रायपुर भागते समय पकड़ा, कड़े से किया था हमला

# ट्रांसपोर्टर से मारपीट मामले में एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क दुर्घटना के बाद ट्रांसपोर्टर से की गई बर्बरतापूर्वक मारपीट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे युवक को पकड़ा है जबकि मुख्य आरोपी वसीम और मोनू कुरैशी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी ने ट्रांसपोर्टर पर कड़े से वार कर गंभीर रूप से घायल किया था।

बता दें कि शहर के रिंग रोड शिवधारी कालोनी चौक के समीप 28 मार्च को कार व थार वाहन के बीच जोरदार भिडंत हुई थी। तेज रफ्तार थार की टक्कर से कार धूमकर दूसरी दिशा में मुड गई थी जबकि उसके एयरबैग खुल गए थे जिससे कार सवार मोनू कुरैशी बाल बाल बच गया। इस घटना के बाद आक्रोशित मोनू कुरैशी, वसीम कुरैशी, अनुराग राजवाड़े, आयुष दास ने थार चालक सूरजपुर निवासी ट्रांसपोर्टर संजय सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आरोपियों ने जानलेवा हमला करते हुए हाथ, मुक्के, लात, लाठी, कड़े से वार करने के साथ ही उसके सिर को बिजली खम्बे में पटक दिया था।

इस मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद क्षत्रिय समाज और हिन्दू संगठनो में भारी आक्रोश का माहौल है और घटना को लेकर प्रदर्शन, एसपी कार्यालय का घेराव तक किया गया। पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 109(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी मोनू और वसीम कुरैशी परिवार के साथ फरार है जबकि अन्य आरोपी भी फरार बताए जा रहे है। अब इस मामले में पुलिस द्वारा घटना में शामिल आरोपी शिवधारी कालोनी निवासी 22 वर्षीय अनुराग राजवाड़े उर्फ गोली आ. ऋषि कुमार राजवाड़े को रायपुर भागने के दौरान घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने ट्रांसपोर्टर पर हाथ में पहले कड़े से हमला किया था।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त कड़ा जब्त करने के साथ ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि मुख्य आरोपी समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर उनि रश्मि राज सिंह, साइबर सेल से सउनि अजीत मिश्रा, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, सउनि नवल दुबे, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक सत्येन्द्र दुबे, संजीव चौबे, राहुल सिंह, आनंद गुप्ता, मनीष सिंह, रमेश राजवाड़े सक्रिय रहे।




## आईपीएस को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**रामानुजगंज।** 12वीं बटालियन के सेनानी एवं आईपीएस डीएस मरावी के सेवानिवृत्ति के पश्चात विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बटालियन के अधिकारी एवं कर्मचारियों व जवानों की नम आंखें से विदाई दी।

साथ ही उनके व्यवहार कुशलता एवं कार्यों की सराहना की। 1 नवंबर 1997 तात्कालिक मध्य प्रदेश सरकार में डीएस मरावी द्वारा उपपुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। इस दौरन मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दी। बटालियन परिसर में आयोजित विदाई समारोह के दौरान हर एक अधिकारी एवं कर्मचारी व बटालियन के जवान की आंखें नम थी सभी ने कहा कि ऐसे अधिकारी बहुत ही कम देखने को मिलते है। जो सभी की भलाई के लिए सोचते हो। श्री मरावी कठोर अनुशासन प्रिय थे एवं कार्य के प्रति बहुत ही संवेदनशील थे।





# अमिताभ सुनाएंगे भगवान रामजी की कहानियां...

**मुंबई।** 6 अप्रैल को रामनवमी पर अमिताभ बच्चन भगवान राम के मूल्यों पर कालातीत ज्ञान और विचार शेयर करेंगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म का कहना है कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। इसमें भगवान राम के जन्म, उनकी जीवन यात्रा, रामायण के सात कांडों को दर्शाया जाएगा, और यह सब राम जन्मभूमि से लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान होगा। अमिताभ बच्चन इस दौरान बच्चों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र की मेजबानी भी करेंगे, जिसमें कांडों की चुनिंदा कहानियों और दोहों को वह अपने अंदाज में बताएंगे। लाइव स्ट्रीमिंग में अयोध्या में की जाने वाली विशेष पूजा से लेकर, मंदिरों में पवित्र अनुष्ठान और आरती की स्ट्रीमिंग होगी।

लाइफ Style

# अलाया

## एक्ट्रेस की बेटी होने के बावजूद किया संघर्ष

एजेंसी ⏭ मुंबई

अलाया फर्नीचरवाला ने जबसे बॉलीवुड में कदम रखा है, तब से उन्होंने कड़ी मेहनत से अपना रास्ता बनाया है। अदाकारी को लेकर उनके अंदर जुनून है। उनकी फिल्मों में कई दिलचस्प कहानियां हैं जो इस बात की तरफ इशारा करती हैं कि उन्होंने कभी अपने आपको पूर्वानुमान तक सीमित नहीं रखा। हालांकि उनकी कामयाबी का रास्ता इतना आसान नहीं था।

फिल्मी बैकग्राउंड से आने के बावदूद उन्होंने अपने हिस्से का संघर्ष किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस पर खुलकर बात भी की है। अलाया के हवाले से बॉलीवुड बबल ने लिखा है 'जब भी कोई ऑडिशन होता था तो ऐसा नहीं था कि कोई मुझे सीधे आकर फिल्म दे देता था। मैं कई बार कई लोगों से मिलती, लेकिन कई बार उन बैठकों का कोई नतीजा नहीं निकलता था। मैंने अपने हिस्से का संघर्ष किया है।

कई बार मैं रातों को रोती थी। मैंने एक-एक महीने में 10-10 ऑडिशन दिए और रिजेक्ट हुई। कई बार मैं बहुत तैयारी करती थी और आखिरी वक्त में रिजेक्ट हो जाती थी। कई बार ऐसा भी वक्त आया जब मुझे बाहर कर दिया गया और मेरी जगह पर किसी और को रखा गया। ये यात्रा बहुत अलग थी।' बहुत सारी दिक्कतों का सामना करने के बावजूद आलाया फर्नीचरवाला ने 'जवानी जानेमन' में जबरदस्त डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हर अगली फिल्म में स्क्रीन पर एकदम सही दिखने के लिए उन्होंने अपने काम में सुधार किया और एक्टिंग को बेहतर किया। चाहे वह 'फ्रेड्डू' में रोमांचक शैली हो या फिर 'बड़े मियां छोटे मियां' में एक्शन हो, अलाया ने हर फिल्म में बंधनों को आसानी से तोड़ा है।




## हॉलीवुड मसाला



# पहले भारत में आ रहे थंडरबोल्ट्स

**लॉस एंजिल्स।** अगर आप भी मारवल्स की फिल्मों के शौकीन हैं और उनका इंतजार बेसब्री से करते हैं, तो ये खबर आपके लिए है। क्योंकि मारवल स्टूडियोज की आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' दुनियाभर में भी रिलीज होने से पहले भारत में 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। 'थंडरबोल्ट्स' एक्शन से भरपूर एक धमाकेदार फिल्म होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर फरवरी में ही जारी कर दिया गया था। ट्रेलर के सामने आने के बाद से ही दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# बैटमैन और द डोर्स से हुए फेमस...

**लॉस एंजिल्स।** वैल किल्मर के फिल्मी कॅरियर पर नजर डालें तो किल्मर को 'बैटमैन' और 'द डोर्स' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वह अपने लंबे बाल और लुक्स के लिए भी खासा जाने जाते थे। किल्मर ने 1984 में आई फिल्म 'टॉप सीक्रेट' के साथ अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखा था। कॉमेडी फिल्मों में शानदार अभिनय कर फिल्मी दुनिया में एक बेहतर मुकाम हासिल की। वैल किल्मर 1995 में आई 'बैटमैन फॉरेवर' से छा गए। उनकी अंतिम रिलीज साल 2022 में आई 'टॉप गनः मेवरिक' थी, जिसमें वह अभिनेता टॉम क्रूज के साथ दिखाई दिए थे। वैल रॉकस्टार की तरह लंबे बाल और गुड लुक्स के लिए जाने जाते थे। कॉमेडी फिल्मों में एक्टिंग कर उन्होंने इंडस्ट्री में पहचान बनाई थी।



# दिलजीत के साथ काम करने की इच्छा

**मुंबई।** अफगानिस्तान की पॉप स्टार आर्यना सईद ने हाल ही में रिलीज हुई एंथोलॉजी फिल्म 'माय मेलबर्न' से हिंदी संगीत की दुनिया में अपना कदम रखा है। उन्होंने इस फिल्म में एक गीत को अपनी आवाज दी है। उन्होंने फिल्म में 'रुकना नहीं' गाने में अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। अब गायिका ने सिंगिंग को लेकर अपने जुनून और संगीत के अपने सफर पर बात की। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि वो किस भारतीय गायक के साथ काम करना चाहती हैं। आर्यना ने बताया कि वो किसके साथ काम करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी इच्छा हिंदी-पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ के साथ काम करने की है। अगर मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा, तो ये मेरे लिए काफी अच्छा रहेगा। क्योंकि वो बहुत अच्छे हैं।



# 'द वर्डिक्ट-498ए' पर शुरू हुआ काम

**मुंबई।** फिल्म निर्माता राज शांडिल्य अपनी आगामी असल जिंदगी पर आधारित फिल्म के साथ भारत के सबसे विवादास्पद कानूनी मुद्दों में से एक के बारे में बात करने जा रहे हैं। उनकी नई फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित है, जो इंजीनियर से वकील बने दीप्तांशु शुक्ला के जीवन से प्रेरित है। दीप्तांशु ने अपने सुनहरे कॅरियर को छोड़कर धारा 498ए के बढ़ते दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इस फिल्म के लिए निर्माताओं ने दीप्तांशु के जीवन पर फिल्म बनाने के अधिकार खरीद लिए हैं, ताकि उनकी प्रेरक और साहस भरी यात्रा को सच्चाई के साथ पर्दे पर उतारा जा सके। बांग्ला सिनेमा में अपनी शानदार पहचान बना चुके निर्देशक अनिंद्य बिकास दत्ता इस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में कदम रख रहे हैं।

## टीवी मसाला

# तेजस्वी के फैंस हुए 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' शो से नाराज...

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। वह इन दिनों 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' शो में बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। अभिनेत्री कुकिंग करने में, स्पेशल रेसिपी बनाने में काफी मेहनत करती है।



तेजस्वी के फैंस भी उसे काफी सपोर्ट करते हैं। हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के प्रोमो में तेजस्वी के फैंस ने कुछ ऐसा देखा और महसूस किया, जिससे उन्हें लगा कि शो तेजस्वी के साथ पक्षपात कर रहा है। साथ ही कुछ खास प्रतियोगियों को ज्यादा सपोर्ट कर रहा है। सेलिब्रिटी मास्टरशेफ शो से जुड़ा एक प्रोमो वीडियो सोनी टीवी ऑफिशियल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया। इसमें तेजस्वी के अलावा बाकी प्रतियोगी को विदेशी खाना बनाना था। इस खाने को चखने के लिए इन सेलिब्रिटीज के फैंस भी आने वाले थे। प्रोमो में सभी प्रतियोगी के फैंस नजर आए लेकिन तेजस्वी के फैंस की एक झलक तक नहीं दिखाई गई। इस बात से तेजस्वी के फैंस नाराज हो गए। तेजस्वी के फैंस का मानना था कि एक्ट्रेस को शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के प्रोमो में बहुत कम स्क्रीन टाइम दिया गया है। इस बात पर कई यूजर्य ने शो की इस सोशल मीडिया पोस्ट पर ही रिएक्शन दे दिए। कई यूजर्स का मानना है कि शो एक्ट्रेस निक्की तंबोली और टीवी एक्टर गौरव को ज्यादा अहमियत देता है, यह दोनों भी 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में बतौर प्रतियोगी शामिल हैं।

## कपिल शर्मा के शो के कारण ही सुमोना मुंबई में खरीद सकीं घर

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती ने कपिल शर्मा के शो में उनकी पत्नी का किरदार निभाकर पॉप्युलैरिटी हासिल की थी। करीब 10 साल उनके साथ काम भी किया। लेकिन, ओटीटी पर जैसे ही कॉमेडियन का शो शिफ्ट हुआ, एक्ट्रेस वहां से गायब हो गईं। हालांकि, उनका कहना है कि उनके और कपिल के रिश्ते में कोई खटास नहीं है। उस शो की वह आभारी हैं, क्योंकि उसस हुई कमाई की वजह से ही वह मुंबई जैसे शहर में घर खरीद पाई हैं। सुमोना चक्रवर्ती ने एक इंटरव्यू में 'द कपिल शर्मा शो' के बारे में कहा, 'इसने मुझे बहुत कुछ दिया है। इस शो से मेरे 10 साल अच्छे रहे। हालांकि, ये बहुत लंबा समय है। मैं आर्थिक रूप से स्टेबल थी। मैं एक बहुत ही साधारण मिलिड क्लास बंगाली फैमिली से आती हूं। मैं उस शो की वजह से मुंबई में घर खरीद पाई। मैं उस शो की बहुत आभारी हूं। आज महिलाओं के लिए फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस बहुत जरूरी है।' सुमोना ने कहा, 'इस शो ने मुझे दुनियाभर में खूब सारा प्यार दिया है। लोकप्रियता दी है।'



# हास्य, रोमांच और रोमांच का आदर्श मिश्रण है 'राहु केतु'



**मुंबई।** जी स्टूडियोज, बीलाइव प्रोडक्शंस के सहयोग से अपनी आगामी फिल्म 'राहु केतु' के साथ दर्शकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने के लिए पूरी तरह तैयार है। फुकरे फ्रैंचाइजी के निर्देशक विपुल विग द्वारा निर्देशित यह फिल्म हास्य, रोमांच और रोमांच का एक आदर्श मिश्रण होने का वादा करती है।

पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की बेमिसाल जोड़ी राहु और केतु के रूप में फिर से एक साथ, शालिनी पांडे, चंकी पांडे, पीयूष मिश्रा, अमित सियाल, मनुऋषि चड्ढा और सुमित गुलाटी के साथ, दर्शकों को अप्रत्याशित मोड़ और उतार-चढ़ाव से भरी एक रोमांचक यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है। फुकरे में अपनी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग और सौहार्द से बड़ी संख्या में दर्शकों का दिल जीतने के बाद, दोनों अभिनेता एक बार फिर एक साथ एक और अविस्मरणीय प्रदर्शन देने के लिए एक साथ आ रहे हैं। जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शंस के सूरज सिंह द्वारा निर्मित, 'राहु केतु' कमर्शियल सिनेमा में एक नई उपलब्धि होने का वादा करती है।

# बॉलीवुड का धमाकेदार महीना रहेगा अप्रैल

***नई दिल्ली।*** *अप्रैल 2025 बॉलीवुड प्रेमियों के लिए रोमांचक महीना साबित होने वाला है, क्योंकि इस महीने कई हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही हैं। इन फिल्मों में एक्शन से लेकर हॉरर तक की डोज देखने को मिलेगी और दर्शकों को भरपूर मजा आने वाला है। यह मजा तभी कायम रहेगा जब कहानियां मजबूत होंगी और एक्टिंग से लेकर डायरेक्शन सब अव्वल नंबर का रहेगा। अप्रैल में ऐतिहासिक ड्रामा से लेकर हॉरर-कॉमेडी और एक्शन थ्रिलर तक, सब कुछ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।*




**जाट** : 10 अप्रैल को सनी देओल की फिल्म 'जाट' रिलीज होगी।एक्शन से भरपूर इस फिल्म में सनी देओल ट्रेलर में ही गदर मचाते नजर आ रहे हैं, जबकि रणदीप हुड्डा विलेन के रोल में हैं। इसके बाद 11 अप्रैल को फुले दर्शकों के सामने आएगी, जिसमें प्रतीक गांधी और पत्रलेखा समाज सुधारक ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की प्रेरक कहानी को पर्दे पर जीवंत करेंगे।



**केसरीः चैप्टर 2** : 18 अप्रैल को अक्षय कुमार की 'केसरीः चैप्टर 2' सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। यह फिल्म जलियांवाला बाग की घटना पर आधारित है। इसी दिन द भूतनी भी रिलीज होगी, जिसमें संजय दत्त हैं और इस हॉरर कॉमेडी का ट्रेलर काफी मजेदार दिखा है और इसमें मौनी रॉय भी हैं।

**ग्राउंड जीरो** : 25 अप्रैल को इमरान हाशमी की 'ग्राउंड जीरो' रिलीज हो रही है। इमरान हाशमी ग्राउंड जीरो में बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे के रोल में नजर आएंगे। फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म का निर्देशन तेजस देवस्कर ने किया है।




### ऋषि कपूर से किए वादे को निभाने में जुटीं अभिनेत्री

# अभिनेता राज किरण को 20 साल से ढूंढ रहीं सोमी अली

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री सोमी अली पिछले 20 साल से अभिनेता राज किरण को ढूंढ रही हैं। इसको लेकर उन्होंने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी किया है। ये सिलसिला 1996 में शुरू हुआ जब सोमी ने दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर से एक वादा किया था। सोमी ने एक फेसबुक पोस्ट के जरिए पूरी बात बताई है।*

## फोटोशूट के दौरान पता चली राज किरण की कहानी

उन्होंने कहा कि एक फोटोशूट के दौरान जब वह टीनएजर थीं, तब उन्होंने ऋषि कपूर से मजाक में पूछा था, 'आपका दूसरा रवि कहां गया?' इसके बाद ऋषि ने मुस्कुराते हुए राज किरण की पूरी कहानी सुनाई। ऋषि कपूर को लगता था कि राज के साथ उनके परिवार ने भावनात्मक और आर्थिक रूप से गलत किया है।





## 20 साल में इतने लाख रुपए किए खर्च

इस पोस्ट के जरिए सोमी ने जानकारी दी है कि राज को ढूंढने के लिए 20 साल में वह अपनी मां से उधार लेकर 20 हजार डॉलर (लगभग 17 लाख रुपए) प्राइवेट इन्वेस्टिगेटर्स पर खर्च कर चुकी हैं। वह अमेरिका के कई शहरों में खुद गईं, जहां उन्हें राज के होने की खबर मिली, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

**राज को आखिरी बार अटलांटा में देखा गया था**

*सोमी ने कहा, 'मैं ये जानना चाहती हूं कि राज ठीक हैं या नहीं। ये मेरा वादा है जो मैंने चिंटू जी (ऋषि कपूर) से किया था। उनकी आत्मा को शांति मिले, इसके लिए मुझे ये करना है।' मनोविज्ञान में मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर चुकी सोमी ने मुंबई के भायखला में एक डॉक्टर से भी इस बारे में बात की है। सोमी के पास एचआईपीपीए के विशेषाधिकार हैं, जिससे उन्हें कुछ जानकारी मिल सकती है।' सोमी ने पोस्ट में आगे लिखा है कि राज को आखिरी बार अटलांटा में देखा गया था और वह और अभिनेत्री दीप्ति नवल बस इतना चाहती हैं कि राज सुरक्षित हों।*

## परिवार ने नहीं दी कोई जानकारी

राज के भाई गोविंद महतानी, उनकी पत्नी जूडी और बेटी सिमी ने सोमी के ईमेल का जवाब तक नहीं दिया। सोमी ने कहा, 'जब चिंटू जी ने राज की पूर्व पत्नी (मुंबई) और उनकी बेटी (शिकागो) से पूछा तो उन्हें भला-बुरा कहा गया। ये शक पैदा करता है कि कुछ गड़बड़ है।'

## ढूंढने का काम अब भी जारी

सोमी ने अपनी पोस्ट में साफ कहा, "मेरे डीएनए में हार मानना नहीं है। मैं तब तक नहीं रुकूंगी, जब तक राज को देख न लूं और उनसे मिल न लूं।' उन्होंने ये भी चेतावनी दी कि गलत जानकारी देने वालों को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राज परिवार के सदस्य पहुंचे रमदईया देवी मंदिर



रमदईया पहुंचे राज परिवार के लोग

**बैकुण्ठपुर।** राज परिवार के सदस्यों के द्वारा बीते दिनों कोरिया जिला मुख्यालय स्थित मंदिरों के साथ आस-पास के अन्य जगहों के मंदिरों में पहुंच कर दर्शन कर कोरिया के खुशहाली की कामना की। जानकारी के अनुसार राज परिवार के सदस्य राजदीप सिंहदेव एवं राजकुमार महिपाल सिंह राणावत ने शहर के गायत्री मंदिर, बाजारपारा स्थित हनुमान मंदिर, पैलेस के निकट स्थित राम मंदिर के साथ अंचल का प्रमुख आस्था केन्द्र रमदईया धाम में देवी दर्शन किए, इसके अलावा खड़गवां के निकट चनवारीडॉड़ स्थित प्रसिद्ध महामाया मंदिर पहुंच कर माता के दर्शन कर पूजा -अर्चना किए और कोरिया की जनता की खुशहाली की कामना की।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन का समय बढ़ा

**मनेन्द्रगढ़।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला एमसीबी के आदेशानुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के वे विद्यार्थी जो छग राज्य से बाहर अध्ययनरत हैं, चाहे वे शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग कॉलेज या पॉलिटेक्निक में अध्ययन कर रहे हों, यदि उनका संस्थाओं में प्रवेश विलंब से हुआ है या उनके पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित हुए हैं, तो ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनके लिए यह सूचना महत्वपूर्ण है। इन विद्यार्थियों की संस्थाओं के प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन (नवीन/नवीनीकरण) की अंतिम तिथि 3 से 15 अप्रैल तक रहेगी। वहीं ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 3 से 21 अप्रैल तक एवं सेनशन आर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 3 से 21 अप्रैल तक निर्धारित की गई है।

### संगम अभियानः जनपद स्तर पर प्रशिक्षण आज

**बैकुण्ठपुर।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संगम अभियान की शुरूआत की जाएगी। यह अभियान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और महात्मा गांधी नरेगा योजना के अभिसरण के तहत क्रियान्वित होगा। इस अभियान के तहत प्राथमिक चरण में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 4 अप्रैल को जनपद पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 4 अप्रैल को जनपद पंचायत सोनहत में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

## जल संरक्षण-प्रशासन और मीडिया की साझा पहल पर कार्यशाला

# भू-जल स्तर बढ़ाने सभी की हो सामूहिक भागीदारी

*जल संरक्षण की आवश्यकता को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में मदद करें*

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टरेट सभाकक्ष में गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जल संरक्षण और संवर्धन पर आयोजित कार्यशाला में प्रशासन और मीडिया के बीच साझेदारी को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

इस कार्यशाला में मीडिया के प्रतिनिधियों ने जल बचाव और संवर्धन के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए, जिनमें वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाना और जल संकट से प्रभावित ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाने की बात प्रमुख थी। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने मीडिया से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण की आवश्यकता को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में मदद करें। उन्होंने बताया कि जल की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है और यह सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम बेवजह पानी बहने से रोके। कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि




आयोजित कार्यशाला।

### डाक्यूमेंट्री से बताया जल संरक्षण का महत्व

विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने जल संरक्षण और संवर्धन के संबंध में किए जा रहे कार्यों को पीपीटी के माध्यम से मीडिया प्रतिनिधियियों के साथ साझा की। पानी की महत्ता पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया कि किस तरह एक छोटी पहल से पानी को बचाया जा सकता है।

आज सबसे बड़ी जरूरत है पानी को बचाना, भू-जल स्तर को बढ़ाना, बेवजह पानी को बहने से रोकना और वर्तमान व नई पीढ़ी के लिए पर्याप्त जल संरक्षण करना है। जल की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है और यह बातें सभी जानते हैं, लेकिन बड़ी संख्या में इस रोकने, बचाने में उदासीनता बरती जाती है, इसके कारण प्रति दिन हजारों लीटर पानी अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी हो कि बेवजह नल से बहते पानी को रोके। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को बुद्धिजीवी और चिंतनशील वर्ग बताते हुए कहा कि समाज की समस्याओं को प्रशासन, शासन और सरकार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही आवा पानी झोंकी कार्यक्रम को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने में मदद करें। कलेक्टर ने कहा कि जब तक जनता जल संरक्षण के अभियान से जुड़कर सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं लेगी, तब तक यह अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो सकता। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जल संकट को वैश्विक समस्या बताते हुए पेड़-पौधों की बढ़ती कमी और पानी के अनावश्यक बहाव को जल संरक्षण के प्रमुख कारणों के रूप में पहचाना। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वे आवा पानी झोंकी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें। कार्यशाला के अंत में मीडिया प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधों को पानी दिया और जल संरक्षण का संदेश दिया कि पानी न केवल मनुष्यों और जानवरों के लिए, बल्कि पर्यावरण और उद्योगों के लिए भी अनिवार्य है।

इस कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार मिश्रा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ए. टोप्पो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार, कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती, पीआरओ कोरिया विजय मानिकपुरी सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा विकास अवधिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम तरुण रघुवंशी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## कॉम्बिंग गस्तः चरचा थाने में 15 संदिग्ध पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में चरचा थाना क्षेत्र में व्यापक कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाया गया। इस दौरान शिवपुर चरचा नगर पालिका और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, जिससे अवैध गतिविधियों पर कड़ा प्रहार हुआ। पुलिस ने इस गस्त के लिए पांच टीमों का गठन किया, जिनका नेतृत्व डीएसपी स्तर के अधिकारियों ने किया।

सुबह 5 बजे ये टीमें चरचा थाना पहुंची और विभिन्न इलाकों में दबिश देकर संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की। गुंडा और बदमाश प्रवृत्ति के लोगों को थाने में तलब किया गया, जबकि 15 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस की एक टीम ने ग्राम पंचायत फूलपुर में छापेमारी कर 200 लीटर से अधिक अवैध महुआ कच्ची शराब जब्त की। यह शराब एक घर में छिपाकर रखी गई थी।

पुलिस मौके पर ही इसे जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया और आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इसके अलावा चरचा, फूलपुर, बिशुनपुर, नगर, सरडी, बांधपारा, खरवत, आमगांव और आनी सहित कई इलाकों में छापेमारी के दौरान छोटी मात्रा में अवैध महुआ शराब भी बरामद की गई। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए 10 लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध कारोबार और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## हिन्द विद्यालय में रिजल्ट वितरण समारोह

**चरचा कॉलरी।** हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में 2 अप्रैल को नर्सरी से केजी-2 तक के छात्रों के लिए रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल एवं स्कूल के डायरेक्टर निसार खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान नर्सरी से केजी-2 तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने




वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की घोषणा की गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रचार्य शशिभूषण राय, प्रधानाचार्य मिंटू कुमार द्विवेदी, निशांत, पुष्पा मंडल, कशिश परवीन, कविता पांडे, पूजा नाहक, शबा परवीन, हीरा विश्वकर्मा, मेघा तिवारी, अनिल भगत, सुप्रिया सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि पहली से बारहवीं कक्षा तक के परीक्षा परिणाम 7 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। समारोह के अंत में स्कूल के डायरेक्टर निसार खान ने आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## पार्षदों ने अटल परिसर के निर्माण कार्य पर उठाए सवाल

■ कलेक्टर कोरिया को सौंपा शिकायती पत्र

**बैकुण्ठपुर।** नगर पंचायत पटना अंतर्गत बस स्टैंड के पास हो रहे अटल परिसर के निर्माण पर गुणवत्ताहीन कार्य कराए जाने की शिकायत को लेकर नगर पंचायत पटना के आधा दर्जन से अधिक पार्षदों ने कलेक्टर को शिकायत देकर चल रहे निर्माण कार्य की जांच एवं दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत पटना के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद वसीम खान, वार्ड क्रमांक 15 पार्षद सौरभ कुमार सिंह, वार्ड क्रमांक 14 पार्षद रूची सोनी, वार्ड क्रमांक 9 पार्षद वसीम, वार्ड क्रमांक 5 पार्षद कुंवर साय, वार्ड क्रमांक 1 पार्षद सुरेन्द्र कुमार एवं वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायत



ज्ञापन सौंपने पहुंचे पार्षद।

कलेक्टर को देकर बताया कि नगर पंचायत पटना के पास निर्माणाधीन अटल परिसर में निर्धारित मानक में निर्माण सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। उक्त निर्माण स्थल पर आम नाली को बाधित कर दिया गया है, इससे घरेलू गंदा पानी का निस्तारण बाधित हो रहा है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि उक्त निर्माण कार्य स्थल पर हो रहे कार्य से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई सूचना पटल नहीं लगाया गया है, जिससे कि कार्य कब प्रारंभ हुआ, ठेकेदार का नाम क्या है एवं अन्य जरूरी जानकारी दर्शित नहीं किया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में पूर्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जानकारी चाही गई तो उन्होंने गोल मोल जवाब दिया।

## 47 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष रखी समस्याएं

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न गांवों से 47 आवेदकों ने अपनी समस्याएं और जरूरतें कलेक्टर के समक्ष रखीं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनके मामलों का त्वरित समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। ग्राम बुढ़ार निवासी भुवनेश्वर अपनी जमीन बेचने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे, साथ ही वे बीमार भी थे, उन्हें चलने और बैठने में परेशानी हो रही थी वे अपने परिचित के साथ आए हुए थे। कलेक्टर ने तुरंत सिविल सर्जन को आदेश दिया कि वे भुवनेश्वर को जिला अस्पताल में समुचित उपचार प्रदान करें।



## अवैध खनिज उत्खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज अधिकारी भूषण कुमार पटेल एवं उनकी टीम ने जिला कोरिया के पोड़ी बचरा क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

2 अप्रैल को कलेक्टर के निर्देश पर तहसील पोड़ी बचरा के ग्राम बवरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सतीश जायसवाल आत्मज स्व. रमेश चंद, नरेश जायसवाल आत्मज स्व. उमाशंकर एवं राजेश जायसवाल आत्मज सत्यनारायण निवासी बचरा द्वारा अपनी भूमि पर अवैध रूप से खनिज मिट्टी का उत्खनन कर ईंट निर्माण किया गया था। खनिज अमला ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खननकर्ताओं को नोटिस तामिल कराते हुए कार्रवाई की और अवैध उत्खनन को तुरंत बंद करा दिया। यह कार्रवाई छग गौण खनिज नियम 2015 और खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत की गई है, इसमें इन नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान है। जिला खनिज अधिकारी ने कहा कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि जिले में खनिज संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पंजीयन शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** छग सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत एमसीबी जिले में अब वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ विधवा और परित्यक्त महिलाओं को भी पवित्र तीर्थ स्थलों की निःशुल्क यात्रा का अवसर मिलेगा।

राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ये यात्राएं एक साथ संचालित की जाएंगी, जिससे आस्था और श्रद्धा से परिपूर्ण यात्रा का आनंद सभी को मिल सके। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत एमसीबी जिले से कुल 90 तीर्थ यात्रियों को यात्रा का लाभ मिलेगा। इसमें जिले के तीन जनपद पंचायतों से 15-15 हितग्राही, नगर निगम चिरमिरी से 15, नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ से 10, नगर पंचायत लेदरी, झगराखाण्ड़, जनकपुर और खोंगापानी से 5-5 हितग्राही शामिल होंगे। इस यात्रा के लिए चयनित 90 हितग्राही विशेष ट्रेन के माध्यम से आईआरसीटीसी द्वारा निःशुल्क तीर्थ यात्रा पर भेजे जाएंगे। इस योजना के तहत 65 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक यदि चाहें तो अपने साथ 21 वर्ष या उससे अधिक उम्र के एक सहायक को भी ले जा सकते हैं। इस तीर्थ यात्रा के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। इसके लिए आवेदन पत्र के साथ शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।योजना के तहत तीर्थ यात्रा का लाभ लेने के इच्छुक पात्र हितग्राही अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत या नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके अलावा वे सीधे उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, जिला मनेन्द्रगढ़ (आत्मानंद विद्यालय के सामने) पहुंचकर भी आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल की शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

## बच्चों में औषधियों के प्रयोग की रोकथाम के लिए चलेगा अभियान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में महिला एवं बाल विभाग ने बच्चों द्वारा ड्रग्स और अन्य स्वापक औषधियों के सेवन की रोकथाम के लिए एक व्यापक अभियान की घोषणा की है। यह अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध नाम से 15 से 30 अप्रैल तक जिलेभर में चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य बच्चों को नशे की आदतों से दूर रखना और उनके जीवन को सुरक्षित बनाना है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के अनुसार इस अभियान में पुलिस विभाग, खाद्य एवं औषधीय प्रशासन, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग, आबकारी विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभागों का सक्रिय सहयोग लिया जाएगा।


रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433



न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

उद्घोषणा

सर्व साधारण ग्राम छिन्दड़ाड तहसील बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक संगमलाल आ. धीरपाल जाति कुम्हार निवासी ग्राम छिन्दड़ाड व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत्य एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम छिन्दड़ाड तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.न. 37/2 रकबा 0.0600 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि में से 0.02 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु एवं 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 07/04/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)


## पृष्ठ 1 का शेष

### फिल्मी स्टाइल में ...

ने संगठित होकर पहले आ रही मालगाड़ी को रोक लिया, इसके बाद कोयला चोरों के द्वारा आराम से बोरी में कोयले को भरकर डिब्बे से नीचे गिराते रहे। इसी बीच ट्रेन चालक के द्वारा रेल्वे कंट्रोल रूम को सूचना दी, तब रेल प्रशासन हरकत में आया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची आरपीएफ मौका मुआयना किया, लेकिन मौके पर कोई भी रंगे हाथों पकड़ में नहीं आया। आरपीएफ के द्वारा रात्रि में ही सर्चिंग की गई। इस दौरान रेल्वे पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया और पूछताछ की जा रही है, जिसके बाद अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**बैकुण्ठपुर रोड व कटोरा के बीच रोकी रेल-** कोयला चोरी करने वालों द्वारा अपने पूर्व प्लानिंग के तहत कोयले से भरी रेल मालगाड़ी को रोककर कोयले की बड़ी मात्रा में चोरी कर ली। रेल्वे के विश्वस्त सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरूवार की मध्य रात्रि में सूरजपुर से बिजुरी मप्र कोयले से भरी एक मालगाड़ी जा रही थी। इसी दौरान कोयला चोरों के द्वारा बैकुण्ठपुर रोड व कटोरा स्टेशन के बीच जमगहना के निकट होम सिग्नल पर कपड़ा डालकर मालगाड़ी को रोक लिया और इसके बाद बोगियों में चढ़कर बोरियों में कोयला भरकर नीचे गिरा दिया और बाद में बोरियों में भरे कोयले को ले भागने में सफल रहे। **कपडे से ढंक दिया था सिग्नल को-** रेलवे के पुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैकुण्ठपुर रोड व कटोरा स्टेशन के बीच जमगहना में अज्ञात कोयला चोरों के द्वारा रेल मालगाड़ी को बीच में ही रोक दिया। रेल चालक द्वारा कंट्रोल रूम को सूचना देने के बाद रेल्वे प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार अज्ञात कोयला चोरों के द्वारा कोयले से भरी रेल मालगाड़ी को रोकने के लिए रेल्वे सिग्नल को कपडे से ढंक दिया था। ग्रीन सिग्नल दिखाई नहीं देने पर रेल चालक ने मालगाड़ी को रोक दिया था।

### पंचायत सचिवों की ...

हड़ताल पर डटे हैं। यह हड़ताल प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर की जा रही है। इस दौरान सचिवों के हड़ताल को समर्थन देने पहुंचे सरपंच संघ के रामभूषण सिंह ग्राम पंचायत कुंवारी, श्रीमती केशकली ग्राम पंचायत सिंगरौली, श्रीमती गायत्री सिंह ग्राम पंचायत बरहोरी, श्रीमती पर्मिला सिंह ग्राम पंचायत मन्नौढ़, राजेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत चांटी, लालसाय सिंह ग्राम पंचायत हरचोका सहित भरतपुर जनपद क्षेत्र के अन्य सरपंच शामिल रहे।

### श्रमवीर स्टेडियम में ...

आलोक सिंह, मयूर सक्सेना, रमेश सिंह और राम नारायण रहे, जबकि मंच संचालन रियाज अहमद ने किया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र कुमार ने कहा कि चरचा क्षेत्र में खेलों के प्रति विशेष रुचि है और यहां दो बड़े अखिल भारतीय टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं। इस प्रतियोगिता से क्षेत्र में वॉलीबॉल के प्रति जागरूकता और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अच्छा खेल प्रदर्शन उन्हें आगे बढ़ने और सफलता हासिल करने में मदद करेगा। इस अवसर पर श्रमसंघ प्रतिनिधि महेश यादव, धर्मेन्द्र सिंह, दीपा विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष शिवपुर चरचा, रियाज अहमद, जितेन्द्र श्रीवास्तव, आजाद सिंह, भूदेव प्रसाद, नरेन्द्र सिंह, मनीष गुप्ता, रवि मलिक सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### चौथी की छात्रा...

में पुरस्कार मिलने की भी जानकारी प्राप्त की, जिसके बाद उन्होंने माधुरी को अपनी मेहनत जारी रखने और भविष्य में और सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने बच्चों को भी यह सलाह दी कि वे अपने हाथों को खाने से पहले साबुन से धोएं और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रहें। कलेक्टर की इस पहल ने ग्रामीण बच्चों को प्रेरित किया और यह सिद्ध कर दिया कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को पहचानने का मौका मिलना चाहिए।


online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411